रिलायंस लाइफ का ऑनलाइन प्लान

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : रिलायंस कैपिटल की सहयोगी कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने किफायती दर पर ऑनलाइन जीवन बीमा पॉलिसी 'रिलायंस ऑनलाइन टर्म' लांच की है। यह अब तक की सबसे सस्ते प्रीमियम वाली ऑनलाइन पॉलिसियों में से एक है। इसके तहत 15 रुपये रोजाना में एक करोड़ रुपये का बीमा कवर प्राप्त किया जा सकता है। रिलायंस ऑनलाइन टर्म के तहत 75 साल की आयु तक बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया के चलते इसे खरीदना बेहद आसान व पारदर्शी है। रिलायंस लाइफ के सीईओ अनूप राउ के मुताबिक ऑनलाइन टर्म एक साधारण जीवन बीमा पॉलिसी है। धूम्रपान नहीं करने वाले 25 वर्ष की आयु वाले स्वस्थ युवक के लिए 450 रुपये महीने की दर से 15 साल तक एक करोड़ रुपये का बीमा कवर किया जा रहा है। इस पॉलिसी के लिए एक साल का प्रीमियम 3500 रुपये है। इस पॉलिसी में न्यूनतम 18 साल और अधिकतम 55 साल की आयु वालों को कम से कम दस साल और अधिक से अधिक 35 साल का बीमा कवर दिया जाएगा। पॉलिसी परिपक्वता की अधिकतम आयु 75 साल रखी गई है।